आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देहरादून में 8 हजार 140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।
- श्री मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा— केंद्र और राज्य सरकार उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत।
- उत्तराखंड आज अपना 25वां स्थापना दिसव और रजत जयंती वर्ष पूरे उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर देहरादून स्थित एफआरआई में आयोजित मुख्य समारोह में 8 हजार 140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। जिसमें 930 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्‌घाटन तथा 7 हजार 210 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। ये परियोजनाएँ पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

इसके अलावा, श्री मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की।

इस अवसर पर रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

समारोह को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती समारोह के दौरान 'गौरवशाली अतीत, सशक्त वर्तमान और सुनहरा भविष्य' शीर्षक से कॉफी टेबल बुक लॉन्च की। साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत की।

शुभकामनाएं

उत्तराखंड आज अपना 25वां स्थापना दिसव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत–जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि देश की गौरवशाली आध्यात्मिक–सांस्कृतिक यात्रा में उत्तराखण्ड राज्य का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 25 वर्षों के दौरान, राज्य के कर्मठ और विनम्र लोगों ने आधुनिक विकास के नए आयाम रचे हैं।

सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'प्रकृति की गोद में बसी हमारी यह देवभूमि आज पर्यटन के साथ–साथ हर क्षेत्र में प्रगति की नई रफ्तार भर रही है।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि पिछले 25 वर्षों की यात्रा में सुशासन, जन–भागीदारी, बुनियादी ढाँचे, कानून–व्यवस्था और राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय आयोजनों ने प्रदेश की पहचान को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, होम–स्टे, पर्यटन, नवाचार, जैविक खेती, स्टार्टअप और नई तकनीकों के साथ प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 25 वर्षों की यह यात्रा केवल विकास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कार और समर्पण की प्रेरणादायक गाथा है।

उत्तराखंड रजत जयंती

उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में उत्साह और उल्लास का माहौल है। इस अवसर पर राज्य के प्रत्येक जिले में राजकीय कार्यक्रमों, सार्वजनिक प्रदर्शनियों, सामुदायिक सभाओं, स्कूल–कॉलेजों सहित सरकारी और गैर–सरकारी स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान प्रदेशभर में पारंपरिक नृत्य, गीत, लोककला और प्रदर्शनियों का भी आयोजन हो रहा है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनता बढ़–चढ़कर प्रतिभाग कर रही है। इसके अलावा विद्यालयों में प्रभात फेरी भी निकाली गयी।

इसी क्रम में टिहरी जिला प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी का आयोजन किया। इस दौरान छात्र–छात्राओं और बच्चों ने देशभक्ति तथा उत्तराखंड के शहीदों के जयकारों के नारे लगाते हुए उत्साह और उमंग के साथ प्रभात फेरी में भाग लिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि जिले का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि आने वाले 25 वर्षों में टिहरी प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो।

सहकारिता आंदोलन

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश में कक्षा 6 से छात्रों को सहकारिता आंदोलन का पाठ अनिवार्य रूप से पढ़ाने की तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में निबंधक को एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर पर तैयार यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भी भेजा जाएगा, ताकि केंद्रीय विद्यालयों में भी इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सके।

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने यह जानकारी दी। यह सम्मेलन उत्तराखंड प्रादेशिक सहकारी संघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद पूरे देश में सहकारिता की नई क्रांति आई है और उत्तराखंड ने इसमें विशेष भूमिका निभाई है।